संक्षेप

## सर्पदंश से हुई मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। जहरीले सर्प के डसने से अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे कुर्मियान लीलापुर गांव निवासी झरीराम वर्मा 55 पुत्र ललई वर्मा बीती सोमवार की रात बरामदे में चारपाई पर सो रहा था। इसी बीच रात करीब दो बजे उसे एक जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी होने पर परिजन आननफानन में अधेड़ को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। जहां हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज प्रयागराज में इलाज के दौरान मंगलवार को सुबह करीब ग्यारह बजे अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## महिला को मारपीट से घर से निकाला, केस दर्ज

प्रतापगढ़। महिला को मारपीट कर घर से निकाल देने के आरोप में पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुलरहा गांव की अर्चना देवी पुत्री नन्हें का विवाह वर्ष 2016 में गांव के ही नागेन्द्र कोरी पुत्र सन्तू के साथ हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि पारिवारिक विवाद के चलते बीती तेरह जनवरी को उसके पति ने सास चमेली व जेठ धर्मेन्द्र के साथ मिलकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके मे रह रही थी। मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार की। एसपी की फटकार पर लीलापुर पुलिस ने पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पेट्रोल पम्प पर हंगामा करने के चार आरोपी धराये

प्रतापगढ़। पेट्रोल पम्प पर लिये गये पेट्रोल का भुगतान करने से इंकार करते हुए गालीगलौज व धमकी देने के चार आरोपियों को उदयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के ओम सांई किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पम्प रामपुर कसिहा राहाटीकर पर बीते दस अगस्त की शाम करीब पौने सात बजे बाइक से चार युवक पहुंचे और तीन हजार का पेट्रोल भरवाया। सेल्समैन चंद्रकेश यादव पुत्र रामअंजोर यादव निवासी रांकी ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि नशे में धुत आरोपी पेट्रोल का पैसा मांगने पर गालीगलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते चले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि आरोपियों राहाटीकर निवासी कमलेंद्र सिंह उर्फ बबलू पुत्र सूर्यभान सिंह, भवनलाल पुत्र कड़ेदीन, विजय कुमार सिंह पुत्र तेजभान सिंह व खण्डवा भदरी थाना कुण्डा निवासी पारूल सिंह पुत्र रामलखन सिंह को बाइक समेत गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में तीन पूर्व छात्र गिरफ्तार

वाराणसी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के तीन पूर्व विद्यार्थियों को मंगलवार तड़के इस शिक्षण संस्थान के परिसर में एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। काशी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसवाल ने बताया कि कथित घटना मंगलवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे की है जब छात्रा अपनी सहेलियों के साथ पुस्तकालय से अपने छात्रावास लौट रही थी। मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने कथित तौर पर छात्रा से छेड़छाड़ करने और उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की।

छात्रा की एक साथी द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# तिरंगे की आन-बान में डूबा श्रावस्ती

## तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन

श्रावस्ती। जब तिरंगा हवा में लहराता है, तो वह केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं होता–वह भारत की आत्मा का प्रतीक बन जाता है। उसकी हर धारियां उन बलिदानों की अमर गाथा कहती हैं, जो स्वतंत्रता की ज्योति जलाने के लिए अर्पित हुए। उसे देखते ही हृदय गर्व, करुणा और वात्सल्य से भर उठता है।

इसी भावना को जीवंत करने के लिए श्रावस्ती में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसने जन-जन के मन में देशभक्ति का एक नया उत्साह जगाया। कलेक्ट्रेट सभागार से महोत्सव की शुरूआत हुई, जहां एनसीसी, एनएसएस, सिविल डिफेन्स, होमगार्ड्स और खेल विभाग के सहयोग से तिरंगा बाइक और साइकिल रैली निकाली गई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि सुनील तिवारी और विधायक प्रतिनिधि अवधेश पाण्डेय ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नगर की गलियों से गुजरते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम्ह के नारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर करती रही। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में तिरंगा मेला और



ह्यभव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्टह्न का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ के बाद प्रदर्शनी में तिरंगे की थीम पर आधारित कलाकृतियां, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए गए। मंच पर संस्कृति विभाग की प्रसिद्ध कलाकार बीना पाण्डेय और जसबीर सिंह ने देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुतियां दीं, जबकि सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकार शाहिद रजा एवं दल ने ह्नहर घर तिरंगाह्व पर आधारित लोकगीतों से माहौल को ऊर्जा भर दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह महोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक जन-जागरण है–देशभक्ति, एकता और स्वच्छता का। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर ह्नहर घर तिरंगाह्व अभियान को सफल बनाएं और अपनी देशभक्ति को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करें। साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने की भी प्रेरणा दी। महोत्सव में स्वयं सहायता समूहों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से तिरंगे की थीम वाले वस्त्र, खाद्य सामग्री, परिधान और सजावटी वस्तुओं की बिक्री भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नन्दलाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति, अग्रणी जिला प्रबंधक जुगल किशोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। श्रावस्ती की धरती पर आज का यह आयोजन तिरंगे के सम्मान का एक जीवंत प्रमाण बना–जहां हर दिल उसके रंगों में रंगा और हर चेहरा गर्व से दमक उठा। यह महोत्सव आने वाले स्वतंत्रता दिवस का संदेश दे गया कि इस बार तिरंगा केवल आसमान में नहीं, बल्कि हर घर, हर मन और हर आत्मा में लहराएगा।

## सांसद जिया उर रहमान बर्क पर लगा एक लाख 35 हजार का जुर्माना

संभल। समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क द्वारा नक्शा मंजूर कराये बिना अपने मकान का निर्माण कराने को लेकर उन पर एक लाख 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बर्क पर दीपा सराय इलाके में बिना नक्शा पास कराए मकान के निर्माण का आरोप है। इस सिलसिले में पिछले साल पांच दिसंबर को विनियमित क्षेत्र उपजिलाधिकारी की ओर से बर्क को नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में सपा सांसद को लगातार नोटिस दिए गए और कई तारीखें दी गईं। आखिरकार 28 जुलाई को उप जिलाधिकारी की अदालत ने 11 अगस्त को आदेश सुनाने को कहा था। अदालत ने सांसद बर्क द्वारा बिना नक्शा पास कराये अपना मकान बनवाये जाने को लेकर उन पर एक लाख 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस मामले में फैसला सुनाने वाले उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र ने बताया कि सांसद द्वारा प्रस्तुत संशोधित नक्शे को स्वीकार करते हुए शमन शुल्क के पांच हजार 707 रुपये जमा कराये गये हैं। इसके अलावा उन पर एक लाख 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा एक मीटर लंबे और 14 मीटर चौड़े एक हिस्से में हुए निर्माण को हटाने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है। अगर सांसद उसे नहीं हटवाते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई कर उसे हटवा दिया जाएगा।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत



सिद्धार्थनगर- चिल्हिया थाना क्षेत्र के धेन्सा गांव में मंगलवार सुबह 19 वर्षीय विजय कुमार का शव आम के पेड़ से लटका मिला। शव के पास उसकी मोटरसाइकिल खड़ी थी। परिजनों के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 बजे विजय खाना खाकर मोबाइल पर गेम खेल रहा था। इसी दौरान फोन आने पर वह मोटरसाइकिल लेकर घर से निकल गया। सुबह ग्रामीणों ने पोखरे के पास पेड़ से लटके शव की सूचना दी। मौके पर शव घुटनों के बल मौरंग पर झुका हुआ मिला। गले में मृतक की बेल्ट और शर्ट को मिलाकर टहनी से बांधा गया था। शरीर और सिर पर चोट के निशान और खून के धब्बे पाए गए। मृतक के पिता सुकई का कहना है कि उनके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। परिवार के अनुसार विजय हंसमुख स्वभाव का था और घर में कोई विवाद नहीं था। ग्रामीण भी इस घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने मौके का निरीक्षण किया। उनके अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और मामले की जांच कर रही है।

## सोशल मीडिया पर हथियार लहराने का वीडियो वायरल



सिद्धार्थनगर- कोतवाली लोटन क्षेत्र में एक युवक का हथियार लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सहिला टोला टेढ़वा के रहने वाले गणेश यादव ने देशी तमंचा और धारदार हथियार दिखाते हुए वीडियो बनाया। यह वीडियो एक दिन पुराना बताया जा रहा है। कोतवाली लोटन के थानाध्यक्ष दिनेश सरोज ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कानूनी अपराध है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करेगी। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना पहली बार देखी गई है। कुछ लोग इसे सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से जोड़ रहे हैं। वहीं कुछ का मानना है कि यह कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या हथियारबाजी के वीडियो की सूचना तुरंत थाने में दें। अधिकारियों का कहना है कि जनता के सहयोग से ही अपराध पर नियंत्रण संभव है।

## डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कक्ष के बाहर खड़े कुछ फरियादियों से भी स्वयं मिलकर उनकी समस्याएं जानीं और समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किया जाए। सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई करें और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को सुनिश्चित करें।

## रक्षाबंधन पर महिलाओं को किया सम्मानित



गिलौला श्रावस्ती। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिलौला में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाजसेवी प्रो. डॉ. विशाल मिश्रा बलरामपुर ने क्षेत्र की आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर करीब 250 महिलाओं को साड़ी प्रदान की गई, जिसे पाकर उनके चेहरों पर खुशी की चमक दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान प्रो. डॉ. मिश्रा ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और स्वच्छ पर्व है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु और सुखद जीवन की कामना करती हैं, वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हैं। यह त्योहार समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। उन्होंने यह भी कहा कि त्यौहार सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराते हैं। जरूरतमंदों की सहायता कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाना ही सच्ची मानवता है। इस तरह के कार्यक्रम समाज को जोड़ने और आपसी संबंधों को मजबूत बनाने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक मिश्रा, समीर मिश्रा, शिव शंकर मिश्रा सहित विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मिश्रा के सामाजिक कार्यों की सराहना की और उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया और अंत में आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रशासन ने समाजसेवी डॉ. विशाल मिश्रा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तालाब में मवेशियों के अवशेष मिले, हिंदू संगठनों ने किया विरोध -प्रदर्शन

एटा। जिले के जलेसर कस्बे में एक इंटर कॉलेज के मैदान के पास बने पोखर में मवेशियों के अवशेष पाये जाने के बाद हिंदूवादी संगठनों ने विरोध- प्रदर्शन किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जलेसर कस्बे के एमजीएम इंटर कॉलेज मैदान के पास मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने शाम को तालाब में एक मवेशी का कटा हुआ सिर और पैर उतराते हुए देखा था।

## नदी में डूबे बुजुर्ग का पता नहीं



सिद्धार्थनगर- जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में महमुदवा ग्रांट गांव के पास एक हादसा हुआ। 66 वर्षीय सरवर अली पुत्र आशिक अली मंगलवार को नदी किनारे शौच करने गए थे। अचानक उनका पैर फिसला और वे गहरे पानी में डूब गए। तेज बहाव की वजह से वे नदी में काफी आगे तक बह गए। घटना के समय कुछ ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने सरवर अली को पानी में संघर्ष करते देखा। मदद करने में देर हो गई। ग्रामीणों ने गांव में सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ़ और उनकी टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की गई। नदी के तेज बहाव और गहरे पानी के कारण अभी तक सरवर अली का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों को सील कर दिया है। स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा है। परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। परिजन और गांववासी सरवर अली की सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

## खाद की दो और दुकानें सील, नेपाल में बेची जा रही थी किसानों की खाद



सिद्धार्थनगर- खाद की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मंगलवार को दो खाद दुकानों पर कार्रवाई की। केवटली चौराहा स्थित मेसर्स कृष्णा खाद भंडार निरीक्षण के दौरान बंद मिला। डीएम ने दुकान को सील कर दिया। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को 13 अगस्त को मौके पर जांच के निर्देश दिए गए। बैरिहवा स्थित किसान कृषि सेवा केंद्र में स्टॉक की जांच की गई। यहां 598 बोरी के सापेक्ष केवल 150 बोरी खाद मिली। डीएम ने दुकान को सील कर लाइसेंस निरस्त कर दिया। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। एक दिन पहले भी डीएम ने चार अन्य दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की थी। जांच में पता चला कि कई दुकानदार तस्करों से मिलकर किसानों की खाद नेपाल में 1450 रुपये प्रति बोरी बेच रहे थे। इससे जिले में खाद की कृत्रिम कमी बनाई जा रही थी। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। किसानों का कहना है कि कृषि विभाग को विक्रेताओं की निगरानी करनी चाहिए थी। विभाग की लापरवाही से कालाबाजारी को बढ़ावा मिला। डीएम ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का संकेत दिया है।

## तिरंगा यात्रा निकाल कर राष्ट्र प्रेम का दिया संदेश




प्रतापगढ़। हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के तहत मंगलवार को कस्बे में जनप्रतिनिधियों, स्कूल के बच्चों व भाजपा कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा रैली निकाली। रैली के जरिए लोगों में राष्ट्र प्रेम का जज्बा भरा। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज परिसर से निकली रैली की अगुवाई पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने किया। हाथ में तिरंगा लिये सैकड़ो की संख्या में शामिल बच्चों के साथ शिक्षकों व भाजपा कार्यकताओं ने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर घर घर तिरंगा फहराने का आहवान किया। भारत माता की जय, वन्दे मातरम्, जय हिन्द जैसे गगनभेदी नारों से इलाका देश भक्ति से सराबोर नजर आया। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश, प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के जरिए आजादी के क्षणों को याद किया जा रहा है। उन्होने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय जागरण का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का संयोजन प्रधानाचार्य आचार्य उमाशंकर मिश्र ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह, कुलवन्त सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, मिथलेश जायसवाल, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, आशुतोष कौशल, पूनम पटेल, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनायें 15 अगस्त : एसडीएम



बांसी सिद्धार्थनगर। 79 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारी को लेकर तत्परता पूर्ण माहौल में क्रियाशील एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने सम्बंधित अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश दिया है, उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय ने कहा कि 15 अगस्त के दिन निर्धारित समय के अनुसार प्राप्त 08 बजें तहसील परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, उन्होंने कहा कि पूर्वत परम्परा गत तरीके से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाए जाने हेतु सम्बंधित को पूरी तैयारी एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देश दिया गया गया, इस सम्बन्ध में तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव का भी कार्य योगदान उत्साह पूर्ण माहौल में देखा जा रहा, इस हेतु तहसीलदार पीयूष कु0 ने एसडीएम शशांक शेखर राय के शब्दों का समर्थन करते हुए सम्बंधित तहसील के कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया है।

## रंजिश में मारपीट, तीन पर केस

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर मारपीट व धमकी में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे मुरली अमांवा गांव निवासी बुधराम पुत्र सूर्यपाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर गांव के राजेन्द्र प्रसाद, अर्जुन सरोज पुत्रगण रामू सरोज, सनी सरोज ने एकराय होकर उसे तथा उसकी पुत्री गुड़िया को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक संपन्न

सिद्धार्थनगर। /79वॉं स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को परम्परागत एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 08.00 बजे कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया जायेगा, और इसी तरह सभी विभागों एवं शिक्षण संस्थाओं आदि में ध्वजा रोहण अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति में किया जायेगा। तथा पूर्व की भांति सरकारी भवनों, चौराहो पर सजावट कराई जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 7.00 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी एंव देश भक्ति से सम्बन्धित नारे लगाये जायेंगे। इस अवसर पर झंण्डा अभिवादन और राष्ट्र गायन राष्ट्रीय गीत का गायन किया जायेगा। 10.00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा एवं 11.00 बजे मरीजो में फल वितरण किया जायेगा। 10.00 बजे मलिन बस्ती में साफ-सफाई किया जायेगा। 11.30 बजे ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई किया जायेगा। दौड़ प्रतियोगिता बालक एवं बालिकाओं की, खेल



स्टेडियम में करायी जायेगी। जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण, ब्लड बैंक (जिला चिकित्सालय) मे रक्त दान शिविर का आयोजन किया जायेगा। विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वतन्त्रता संग्राम का इतिहास, देश पर शहीद हुए देश भक्तों के जीवन प्रसंग दोहरायें जाय, जिससे राष्ट्रीय चेतना जागृत हो। नाटक, विचार गोष्ठी वाद-विवाद, प्रदर्शिनी, निबन्ध लेखन से संबंधित प्रतियोगिता एंव विशेष रूप से स्कूल चलो अभियान की विशेष जानकारी देने एंव साक्षरता दर बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किये जाये। (विशेषतः तहसील मुख्यालयों पर स्थित विद्यालयों पर कार्यक्रम अवश्य आयोजित किये जाय)। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करना तथा उक्त स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तथा ध्वजा रोहण भी होगा। समस्त ग्राम पंचायतो की साफ-सफाई कराया जायेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ सतीश सिंह, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल–फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती सिया देवी | भूखण्ड संख्या–3/255 सेक्टर–ओ | मानसरोवर कानपुर रोड योजना | 18.06.2022 | श्रीमती भावना गंगवार | – | पुत्री |
| 2 | स्व0 मालती सिंह | भूखण्ड सं0–एसएस–4/196 | विभव खण्ड गोमती नगर योजना | 05.08.2003 | श्रीमती मंजू सिंह (पुत्री) | श्रीमती आशा सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती इन्दू सिंह | पुत्रियां |
| 3 | स्व0 मनोज कुमार तिवारी | भूखण्ड सं0–7/456 रजनी खण्ड | शारदा नगर | 10.07.2017 | श्रीमती अंजली तिवारी कु0 राशि तिवारी, वरून तिवारी | – | पत्नी/पुत्री/पुत्र |
| 4 | श्री जनार्दन पन्त | भवन संख्या–सी–26/02 | पेपर मिल कालोनी | 29.03.2007 | श्री महेन्द्र पन्त | श्री चन्द्रशेखर पन्त, श्री राजेन्द्र प्रसाद पन्त, श्रीमती विमला पाण्डेय, श्रीमती लीला जोशी | पुत्रगण/विवाहित पुत्रियां |
| 5 | स्व0 विजय प्रकाश अस्थाना | भवन सं0–3/251 | विश्वास खण्ड, गोमती नगर | 13.12.2001 | श्रीमती अलका अस्थाना, श्री हिमांशु प्रकाश अस्थाना, कु0 जूही अस्थाना | – | पत्नी/पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## दो विवाहिता फरार

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र में बरसात के मौसम में विवाहित महिलाओं का अपने अपने घरों से निकलने का शिलशिला तेज हो गया है। पीड़ित पतियों की तरफ से सोमवार मे दो अलग-अलग तहरीर सौपी गई फिलहाल पुलिस ने दोनों घटनाओं को दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुरघुट्टाबुजुर्ग निवासी महेश पुत्र पैकरमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 26 जून 2025 को सुबह करीब 10 बजे मेरी पत्नी रानी (काल्पनिक नाम) बिना बताए कही चली गई थी जाते-जाते 30 हजार रुपए नकद चांदी के जेवरों के साथ दो वर्षीय पुत्री संध्या को लेकर गई है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरवहिया के मजरा लोनियनपुरवा निवासी कल्लू राम पुत्र कढिले ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 3.8.25 में सायंकाल 5 बजे के आसपास मेरी पत्नी रेखा देवी 30 वर्ष को गांव के छोटे पुत्र रामकुमार चौहान ने आशनाई के चक्कर में बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मेरी पत्नी जाते जाते मेरी दो छोटी पुत्रियों के साथ सोने का मटर माला, झुलनी, चांदी की पायल 5 हजार रुपए नकद लेकर गई है। इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल सुरेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच शुरू हो गई।

## किशोर लापता

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना पर पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर गुमशुदगी में मुकदमा पंजीकृत करते हुए तलाश शुरू की। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमवार को क्षेत्र के ग्राम पहाड़ियांपुर निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती दिनांक 2 अगस्त को दिन में करीब एक बजे घर से मेरा 14 वर्षीय पुत्र पपिल कुमार कही बिना बताए चला गया था इधर उधर काफी तलाश करने के बावजूद भी पता नहीं चल रहा। धौरहरा पुलिस ने पिता सतीश की तहरीर पर गुमशुदगी की धाराओं में मामला दर्ज किया।

## लापता युवक का शव नहर में मिला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रविवार को घर से सब्जी लेने निकले युवक का शव संदिग्ध अवस्था में सीतापुर ब्रांच की नहर में उतराता हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर ब्लॉक ए निवासी इकरार अली का 24 वर्षीय पुत्र शहबाज अली 10 अगस्त की शाम करीब 3.40 बजे वह सब्जी लेने की बात कहकर निकला, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की सुबह अलीगंज रोड स्थित सीतापुर ब्रांच की नहर में उसका शव उतराता मिला। जिसे सनसनी फैल गई। मृतक के पिता इकरार अली सीआरपीएफ से सेवानिवृत होने के बाद लखनऊ में रहकर किसी कम्पनी में सिक्योरिटी इन्चार्ज हैं। इनका शबहाज अकेला पुत्र था और गोला में रहकर किसी प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई कर रहा था। मृतक के पिता इकरार अली ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डीएम ने विद्यालयों का निरीक्षण कर परखी पढ़ाई

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल मंगलवार सुबह औचक निरीक्षण पर निकलीं तो सीधे ब्लॉक सदर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय यूपीएस कोरैया जंगल, पीएस निपनिया, पीएस धौरहरा खुर्द और पीएस बौठा सहित विद्यालय भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई, शिक्षक-छात्र उपस्थिति, मिड डे मील की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से आकलन किया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ देवेश राय मौजूद रहे।

निरीक्षण की शुरूआत डीएम ने यूपीएस कोरैया जंगल से की। यहां पहुंचकर उन्होंने मिड डे मील के तहत तैयार दाल-चावल की गुणवत्ता की जांच की और पाया कि दाल पतली थी। उन्होंने बच्चों को गाढ़ी दाल परोसने के निर्देश दिए। शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों से कई सवाल पूछे, उनसे किताब पढ़वाई और रीडिंग स्किल का परीक्षण किया। विद्यालय के शौचालयों की क्रियाशीलता और पेयजल की उपलब्धता की भी जांच की। निरीक्षण का अंतिम पड़ाव प्राथमिक विद्यालय बौठा रहा। यहां शिक्षिका नौनिहालों को मुद्रा पहचानना सिखा रही थीं। डीएम ने मौके पर बच्चों से अलग-अलग मूल्य के नोट पहचानने को कहा। बच्चों ने सही उत्तर देकर अपनी सीखने की क्षमता का परिचय दिया। सही उत्तर देने वाले बच्चों को डीएम ने प्रोत्साहित करते हुए इनाम भी दिया।

### निपनिया में अभिभावकों से समन्वय बढ़ाने की हिदायत

इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय निपनिया पहुंचीं, जहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका समेत अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें। जो बच्चे लगातार अनुपस्थित रहते हैं, उनके घर जाकर उन्हें विद्यालय भेजने की व्यवस्था करें।

### धौरहरा खुर्द में मिड डे मील में खामी प्रधान पर गिरी गाज

पीएस धौरहरा खुर्द में निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि मिड डे मील में दी जा रही दाल में न तो सब्जी डाली गई थी और कम हल्दी का प्रयोग हुआ था। साथ ही उपस्थित बच्चों की संख्या के अनुपात में दाल कम बनी थी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने डीपीआरओ को ग्राम प्रधान के विरुद्ध 95 जी का नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिए।

### 49 स्कूलों के बच्चों की पेयरिंग, शिक्षक 10 दिन तक छोड़ेंगे-लायेंगे

जिले के 49 परिषदीय विद्यालयों के 1291 बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें निकटवर्ती स्कूलों से पेयरिंग किया गया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि उपस्थिति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अगले 10 दिन तक पेयरिंग स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षक स्वयं बच्चों को घर से लाएंगे और पढ़ाई के बाद सुरक्षित घर छोड़ेंगे। खंड शिक्षा अधिकारियों को व्यवस्था की सतत निगरानी के निर्देश भी दिए गए हैं।

# सावन और चैती मेले को दिया जाये राजकीय दर्जा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात कर छोटी काशी गोला के पवित्र सावन मेला और ऐतिहासिक चैती मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग



की। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चले सावन माह में लगभग 29 लाख 34 हजार 700 श्रद्धालुओं ने बाबा गोकर्णनाथ का जलाभिषेक किया। चैत्र मास की नवरात्र में विगत 120 वर्षों से आयोजित चैती मेला करीब एक माह तक चलता है, जिसमें बाहर से लगभग 250 दुकानें सजती हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले का मुख्य आकर्षण होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 20द25 किमी के दायरे से लगभग 30 हजार लोग मेले में पहुंचते हैं। यह संख्या व गतिविधियां राजकीय मेला घोषित करने की सभी शर्तें पूरी करती हैं।

## युवक ने दर्ज करायी जानलेवा हमले की रिपोर्ट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर रंजिशन मारपीट व जानलेवा करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। अलीगंज निवासी गोल्ड मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार को वह चैराहे पर मिस्त्री की दुकान पर बैट्री लेने गया था। इसी दौरान ग्राम कुसमोरी निवासी उत्तम शुक्ला, उत्कर्ष शुक्ला, अंशुमन शुक्ला, पुत्रगण बाबूराम शुक्ला, विनीत अंकित व अभिषेक शुक्ला ने उन पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## उस्मान की मौत के मामले में आया नया मोड़

शाहजहांपुर। बंडा थाना क्षेत्र के मुरादपुर में बीते दिनों पूर्व हुए खूनी संघर्ष में घायल उस्मान की मौत के बाद मामले में अब बंडा नगर पंचायत के चेयरमैन पर गम्भीर आरोप लगे हैं। मृतक की पत्नी ने चेयरमैन के इशारे पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है पुलिस भी जांच कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कह रही है। दरअसल एक सप्ताह पूर्व बंडा थाना क्षेत्र के गांव खानका मुरादपुर में महिलाओं की लड़ाई को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। इस दौरान जानलेवा हमले में उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गया था। बंडा के सरकारी अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद उसका लखनऊ के एक निजी अस्पताल में ईलाज चल रहा था। जिसकी उपचार के दौरान बीते छठे दिन मंगलवार को लखनऊ के अस्पताल में मौत हो गई। मौत को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। जब शव लखनऊ से लाया गया तो परिजनों ने एंबुलेंस को नगर के मुख्य चौराहे पर रुकवाया और शव रखकर जाम लगाने का प्रयास करने लगे। परंतु पहले से मुस्तैद पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर जाकर शव घर भेज दिया। अगले दिन मंगलवार को मृतक उस्मान की पत्नी रिहाना बेगम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है। कि उसके घर में घुसकर जानलेवा हमला नगर के चेयरमैन मोहम्मद इस्हाक उर्फ बड़े लल्ला के इशारे पर किया गया था।

इस संबंध में जानकारी लेने पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय ने बताया कि घटना के संबंध में पहले ही प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घायल उस्मान की मौत होने के बाद अब धाराओं में बढ़ोतरी कर मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। वहीं इस संबंध में चेयरमैन मोहम्मद इस्हाक उर्फ बड़े लल्ला ने बताया कि उन पर राजनैतिक षड्यंत्र के तहत आरोप लगाया गया है। घटना के दिन वह पूरे परिवार के साथ एक धार्मिक आयोजन में पीलीभीत जिले के पहाड़गंज गांव में देर शाम तक मौजूद रहे।

## कार ने ठेलियों को मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत

शाहजहाँपुर / यूपी के शाहजहाँपुर जिले में कोतवाली तिलहर क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़ी सब्जी से लदी दो ठेलियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार जवान समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर लगते ही ठेलियां कई मीटर दूर जा गिरीं और आसपास अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद मौके पर जुटी आक्रोशित भीड़ ने गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायलों को तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक की पहचान बहादुरगंज निवासी सुरेश के रूप में हुई है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं पर चला स्वच्छता अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित महापुरुषों के स्मारकों और प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। इस दौरान पं. सियाराम मिश्र, राम नरेश तिवारी, नानक चन्द्र अग्निहोत्री, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजेन्द्र गिरि, अमर शहीद अब्दुल हमीद, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. भीमराव अंबेडकर और विकास वर्मा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, महामंत्री राजेश राठौर, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# घूस लेकर दिया जा रहा यूरिया का टोकन




लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में यूरिया की कालाबाजारी की शिकायतें रुकने का नाम नहीं ले रही है। समितियां पर किसानों को खाद पाने के लिए कहीं लाठी खानी पड़ रही। कही जूता चप्पल की चल रहे हैं। सहकारीता विभाग ने समितियों पर किसानों के लिए खाद वितरण हेतु टोकन व्यवस्था लागू कर दी है। बावजूद उसके शिकायतें कम होने का नाम नहीं ले रही है।

मंगलवार को ब्लाक लखीमपुर क्षेत्र के मारखापुर में मेसेर्स शंकर फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की दुकान पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो में किसान यह कहते दिखाई दे रहा है कि। हम लोग खाद लेने के लिए सुबह से लाइन में लगे हैं। सरकार द्वारा यूरिया का निर्धारित मूल्य 266 रुपए 50 पैसे है। शंकर फर्टिलाइजर की दुकान पर 200 रुपए लेकर टोकन दिया जा रहा है। जो किसान लाइन में लगे हैं उन किसानों का नंबर ही नहीं आ रहा है। 200 घूस लेकर टोकन देकर खाद का वितरण किया जा रहा है। कोई सुनने वाला नहीं कोई बोलने वाला नहीं खाद के नाम पर खुली कालाबाजारी हो रही है। इस संदर्भ में रजनीश प्रताप सिंह ए आर को ऑपरेटिव ने बताया वायरल वीडियो जिला कृषि अधिकारी को भेज दिया है। हमारे अधीनस्थ केवल सहकारी समिति आती है। गन्ना समिति एवं फर्टिलाइजर की दुकानों से हमारा कोई मतलब नहीं है। फिर भी वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है।

# भाई बने जेल अधीक्षक मिजाजी लाल महिला बंदियों के संग मनाया रक्षाबंधन



शाहजहांपुर /रक्षाबंधन के अवसर पर जिन महिला बंधिया के कोई भाई नहीं थे उनके लिए शाहजहांपुर जेल में भावुक कर देने वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिन महिला बंदियों के भाई नहीं थे या मिलने नहीं आए, उनके लिए वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने भाई का फर्ज निभाया। उन्होंने 26 महिला बंदियों से राखी बंधवाई, मुंह मीठा कराया और उनकी पसंद के मुताबिक साड़ी, सूट, कुर्ती, जींस-टॉप जैसे उपहार भेंट किए। मुस्लिम महिला बंदियों और एक ब्रिटिश नागरिक ने भी राखी बांधी। इस मानवीय पहल ने मायूस चेहरों पर मुस्कान ला दी और पूरे जेल में रक्षाबंधन की खुशियां बिखेर दीं।

## सांसद अरुण सागर की मांगों पर गडकरी ने की त्वरित कार्रवाई



शाहजहांपुर / केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद अरुण सागर की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शाहजहांपुर हाईवे चौड़ीकरण, औद्योगिक केंद्रों को हाईवे से जोड़ने, भारतमाला परियोजना के तहत बस स्टैंड पर डिजिटल टिकटिंग व यात्री प्रतीक्षालय सुविधाओं के लिए निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है और विकास कार्यों की गति तेज हुई है।

## स्मैक बरामद, तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी व मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में थाना जैतीपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 01 तस्कर को किया गिरफ्तार जिसके कब्जे से लगभग 90 ग्राम स्मैक व एक मोबाईल कीपैड सैमसंग कम्पनी बरामद किया गया। थाना जैतीपुर पुलिस टीम द्वारा प्रचलित अभियान, गस्त व क्षेत्र भ्रमण व वाहन चैकिंग के दौरान बनखण्डी पुलिया से करीब 20 कदम पहले नवादा मोड की तरफ से अभियुक्त ईस्लाम पुत्र अब्दुल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मोहल्ला बाबर नगर कस्बा से लगभग 90 ग्राम स्मैक व एक मोबाईल कीपैड सैमसंग कम्पनी सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त ईस्लाम उपरोक्त के विरुद्ध थाना जैतीपुर पर मु0अ0सं0 187/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# खाद की दुकान से कॉलेज गेट पर लग रहा जाम



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री गुरु नानक कन्या महाविद्यालय के मुख्य द्वार के पश्चिम ओर स्थित खाद की दुकान इन दिनों छात्राओं और कॉलेज स्टाफ के लिए मुसीबत बनी है। छात्राओं का गेट से होकर महाविद्यालय आना जाना आसान नहीं रहा है। जिसे लेकर महाविद्यालय की प्राचार्या ने चिंता जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रतिदिन सुबह से ही सैकड़ों किसान खाद लेने यहां पहुंचते हैं, जिससे गेट के सामने भीड़भाड़ और लंबा जाम लग जाता है। जाम के चलते छात्राओं, उनके अभिभावकों और कॉलेज कर्मियों को अंदर-बाहर आने-जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थिति यह है कि कभी-कभी पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। गेट पर तैनात पुलिसकर्मी भी इस अव्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू भोगल ने इस विकट समस्या पर त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि प्रशासन को तत्काल प्रभाव से समाधान कराना चाहिए, ताकि छात्राओं की पढ़ाई और सुरक्षा प्रभावित न हो।

# जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ने में देखा कीट व रोग का प्रकोप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बजाज चीनी मिल गोला क्षेत्र के गांवों में गन्ने पर कीट व रोगों के असर को देखते हुए जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने निरीक्षण अभियान चलाया। उनके साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव बलवंत चौधरी व वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पीएस चतुर्वेदी मौजूद रहे। ग्राम इमलिया में किसान लालता प्रसाद के 0.400 हेक्टेयर शरदकालीन गन्ना (कोजे-85) में पोक्का बोइंग रोग के 5 मूढ़, जबकि राजेश के 1.000 हेक्टेयर बसंतकालीन गन्ना में बैक्टीरियल टॉप रॉट के 4 मूढ़ पाए गए। प्रभावित खेतों में कॉपर ऑक्सीक्लोराइड व स्ट्रेप्टोसाइक्लीन का छिड़काव कर उपचार शुरू कर दिया गया है। ग्राम बाबूपुर, धरमपुर व रामनगर में कई किसानों की फसल स्वस्थ मिली। रामनगर में गन्ना सर्वे व सट्टा प्रदर्शन का भी निरीक्षण किया गया, जहां आठ किसानों की शिकायतें दर्ज थीं। निरीक्षण के बाद हुई बैठक में किसानों को रोग एवं कीट प्रबंधन के साथ बाढ़ से बचाव के उपाय बताए गए।

## दबंमों ने शराब पिलाकर युवक को पीटा, मौत

शाहजहांपुर। थाना कटरा के ताहवरगंज कस्बा व थाना-कटरा गिरमा - शाहजाहापुर निवासी नीलम पत्नी चंद्रपाल ने दबंगों द्वारा पति की निर्मम पिटाई कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षा के को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने गई थी हमारे पीछे मोहल्ले के लालजीत व राजाराम तथा मिथुन से शराब पीने के बाद झगड़ा हो गया था। बीच ब्रेव किए जाने के बाद दोबारा फिर दबंगों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी। और घर से बाहर चले गए कुछ देर बाद पीड़िता के पति के दर्द हुई और उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता को घटना की जानकारी होते ही थाना कटरा प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर नाम जद आरोपियों के विरोध दंडनात्मक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने उक्त घटना की जानकारी होते ही जांच शुरू कर दी है

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत एचजीटी सेल्फी बूथ का आयोजन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त के तहत एचजीटी सेल्फी बूथ, ब्रांडिंग, प्रचार एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सेल्फी लेकर उसे हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड किया और प्रमाण पत्र डाउनलोड किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराने के लिए पुनः प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार वर्मा, आदर्श दीक्षित, सुनील गुप्ता, कन्हैया लाल मिश्रा, पदुमकान्त मिश्रा, अरुण शुक्ला, आकाश शर्मा, सुधाकर मिश्रा, शांति वर्मा, अनुराधा रानी, वीरेन्द्र प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबन्धक सरदार परमेन्दर पाल सिंह ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, प्राचार्य एवं शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्रांक: 510/ रा.वि.आ.-पा.नि./ नि.कार्य /ई-टेण्डर/ 2025-26 दिनांक : 11 अगस्त 2025

## ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-509/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/ई.टेण्डर/2025 दिनांक 11 अगस्त, 2025 द्वारा रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत कार्यों में से रु. 10.00 लाख से अधिक के 02 निर्माण कार्य हेतु जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 12 अगस्त, 2025 को अपरान्ह 02.30 बजे से दिनांक 02 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 03.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 02 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraich-npp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**

संक्षेप

## पुरुष और महिला क्रॉस कन्ट्री रेस 15 को

जौनपुर। क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, के तत्वाधान में पुरुष वर्ग की 05 किमी0 एवं महिला वर्ग में 3 किमी0 की क्रॉस कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से कुत्तूपुर तिराहे से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धीकपुर तक किया जायेगा। रेस में प्रतिभाग करने के पुरुष एवं महिला प्रतिभागी इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में श्री कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चैम्पियन एथलीट से सम्पर्क कर अपनी प्रविष्टि 13 अगस्त से करा सकते है। शेष खिलाड़ी अथवा दूर-दराज क्षेत्र के खिलाड़ी 15 अगस्त को प्रातः 6 बजे कुत्तूपुर तिराहे पर उपस्थित होकर अपना नाम, पता अंकित करवाते हुए अपनी प्रविष्टि अंकित कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। रेस में प्रविष्टि का समय 6.30 बजे तक होगा। उक्त अवधि में जो भी प्रतिभागी उपस्थित होकर अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं, करा लें अन्यथा उसके बाद प्रविष्टि नहीं ली जायेगी। क्रास कंट्री रेस में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

## टूल किट वितरण में चयन 18 को

जौनपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना अन्तर्गत विद्युत चालित चाक व पगमिल एवं कौशल विकास योजना अन्तर्गत शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के चयन की कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 18 अगस्त को 11 बजे पूर्वान्ह स्थान-चतुर्थ तल विकास भवन सभागार में किया जायेगा। जो आवेदन कर्ता जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मतापुर में विद्युत चालित चाक, पगमिल एवं शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु आवेदन किये है, समय से उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग लेने का कष्ट करें।

## कई गांव में निकली तिरंगा यात्रा

जौनपुर। खण्ड विकास अधिकारी सिरकोनी नीरज जायसवाल के नेतृत्व ब्लॉक के कई स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाल कर अखंडता का संदेश दिया सबसे पहले हौज ग्राम से ब्लाक परिसर में पहुंचा इसके अलावा बीडीओ कोतवालपुर गांव व नाथुपुर गांव में पहुंचकर तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाया तिरंगा यात्रा में एडीओ एजी आशीष त्रिपाठी, एडीओ आइएसबी रामजी सिंह, अमरनाथ यादव, एडीओ पंचायत रजेश सोनकर, जटाशंकर यादव, विनय सिंह सहित विनय सिंह सभी सचिव और ब्लाक के कर्मचारी व सफाईकर्मी मौजूद रहे।

## जमैथा गांव में लगा कजरी का मेला

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के जमैथा गांव के हनुमानजी के मंदिर के पास मंगलवार को कजरी का मेला लगा। मेले में आसपास के लोगों की भीड़ रही। मेले में सुबह से ही दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकान लगा लिए। इस मेले में दौन से गांव के लोग खासकर महिलाएं व बच्चे आते है मेले में आये लोगों ने हनुमानजी का दर्शन पूजन किया। महिलाओं ने श्रृंगार का सामान खरीदा। बच्चों ने खिलौने खरीदे। मेले में काफी महिलाओं ने झूले का आनंद उठाया।

# देश की आन-बान-शान है राष्ट्रध्वज




सोनभद्र। नगर के चाचा नेहरू शहीद स्मारक उद्यान से स्वर्ण जयंती चौक तक विशाल तिरंगा यात्रा भाजपा सोनभद्र नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सोनभद्र नगर पालिका परिषद अध्यक्षा रूबी प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व संगठन मंत्री नागेश्वर देव पांडे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी उपस्थित रहे, सभी अतिथियों ने नगर मंडल द्वारा निकाली गई तिरंगा शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर स्वर्ण जयंती चौक पर अपना उद्बोधन राष्ट्र प्रेम की भावना से सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया।

उपस्थित अतिथियों ने कहां की हर घर तिरंगा' आजादी के राष्ट्रीय पर्व पर अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगा घर लाने और राष्ट्रप्रेम के साथ इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। तिरंगे के साथ हमारा रिश्ता हमेशा व्यक्तिगत से संस्थागत रहा है। इस तरह आजादी के 79वें वर्ष में सामूहिक रूप से झंडे को घर लाना व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है। हमारा तिरंगा हमारे देश की शान है। हम भारतीय तिरंगे की खातिर सबकुछ न्यौछावर करने की सोच रखते हैं, बस हमारी सोच यही रहती है कि कैसे भी हमारा तिरंगा शान से लहराता रहे। स्वतंत्रता दिवस एक ऐसा उत्सव होता है जब देशभर में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाया जाता है। आजादी के अमृत महोत्सव 2022 पर हमारे झंडे को और अधिक महत्वपूर्ण बनाने के लिए भारत में एक अभियान हर घर तिरंगा शुरू किया गया था तब से यह हर साल होता है।

महामंत्री पियूष त्रिपाठी ने कहा कि इस मौके पर आजादी के जश्न को मनाने की तैयारी जोर शोर से पूरे देश में चल रही है। घर से बाहर निकलते ही सभी सड़के तिरंगे से पटी हुई हैं। आजादी के उत्सव के मौके पर देशभर में ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत आजादी के ह्यअमृत महोत्सवह्न यानि कि 75वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। तब से हर साल यह अभियान चलाया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सभासद अभिषेक गुप्ता एवं सह संयोजक नीरज विश्वकर्मा रहे।

## तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

सोनभद्र। तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन जिला पर्यटन एवं संस्कृति के तत्वाधान में मंगलवार को स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह रावर्टसगंज में किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूबी प्रसाद, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन देश के अमर शहीद बलिदानियों को याद करने के लिए किया जा रहा है जिन्होंने कठिन संघर्ष करके देश की आजादी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है उन्होने स्कूल के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये देश भक्ति गीतों पर नृत्य सुन्दर प्रस्तुति की भी सराहना की, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को अपने आवास, स्कूल, सरकारी कार्यालयों में तिरंगा झण्डा का सम्मान के साथ लगाना है झण्डा फहराते समय सदैव इस बात का ध्यान दिया जाये कि केसरीयां रंग की पट्टी ऊपर की तरफ होनी चाहिये इस दौरान स्कूल के छात्र, छात्राओं ने देश गीतों पर सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति किया जिसकी सराहना उपस्थित जन मानस द्वारा किया गया, इस दौरान डी0ए0वी0 स्कूल, जी0जी0आई0सी0 कालेज, गुरूनानक स्कूल के बच्चों नें देश भक्ति गीतो पर सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति की।

# बगैर मान्यता के चल रहे थे 70 विद्यालय, मिली नोटिस

आजमगढ़। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राजीव कुमार पाठक ने जनपद के मिजार्पुर, सठियांव, रानी की सराय, मेंहनगर, जहानागंज, कोयलसा, अजमतगढ़, महराजगंज, फूलपुर विकास खण्ड के 70 विद्यालयों के खिलाफ बिना मान्यता के संचालित होने पर नोटिस जारी की है।

नोटिस जारी हुए विद्यालयों की सूची में इन विद्यालयों का नाम है विकास खण्ड महराजगंज में डा भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान बढई का पुरा देवारा जदीद, मॉ राघव आरएस पब्लिक स्कूल चिकन्हवा चिकनहवा बाला देवारा जदीद, स्व सहदेव स्मारक माध्यमिक विद्यालय नई वस्ती (हाइडिल के बगल में), डा भीमराव अम्बेडकर बाल शिक्षा निकेतन चांदपुर भटौरा लखेरार, लाल बहादुर शास्त्रीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज विकास खण्ड फूलपुर में बाबा कपिल देव स्मारक जूहा स्कूल हैदरीपुर मुण्डवर, फयूचर मॉडल स्कूल खानजहापुर, गोल्डेन एजुकेशन कान्वेन्ट स्कूल जौमा तकिया, जुबेर पब्लिक स्कूल सदरुद्दीनपुर, कान्ति शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान भोरमऊ, श्रीमती कौशिल्या देवी कान्वेन्ट स्कूल भोरमऊ (गण्डी), लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल जौमा, मॉर्डन पब्लिक स्कूल कतरा कोटिया, न्यू चिल्ड्रेन सीनियर सेकेण्डी स्कूल फूलपुर, राम समुझ विद्यालय कनेरी, सावित्र देवी पब्लिक स्कूल पलिया अदाई (चक सब्जपुर), एमबी ग्लोबल इंग्लिस मीडियम स्कूल सजई अमनाबाद, मदरसा-मदरसुल इस्लाम महुवारा कला, न्यू ब्राईट स्कूल फूलपुर, आरएस चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल नौहरा (नाहरगंज), श्रीराम बासमती कान्वेन्ट स्कूल मुहचुरा, एसएसवी पब्लिक स्कूल खानजहापुर, आईएस पब्लिक स्कूल पुष्पनगर फूलपुर। विकास खण्ड कोयलसा में नवीन ज्ञान भास्कर शिक्षण सेवा संस्थान उसुरपुढवा महराजगंज, मदर शरदा कान्वेन्ट स्कूल हुसेपुर सरैया कोयलसा, आजमगढ, एसआर पब्लिक स्कूल बनकट जगदीशपुर, कोयलसा, आजमगढ। विकास खण्ड रानी की सराय में वैष्णो देवी शिक्षा (कोचिंग) सेन्टर उँची गोदाम रानी की सराय, एजम्पसन एकेडमी भंगहा उँची गोदाम रानी की सराय। विकास खण्ड अजमतगढ़ में सेक्रेट हार्ट स्कूल, जीयनपुर, आजमगढ। विकास खण्ड जहानागंज में एमएफडी पब्लिक स्कूल देवईत, मेहनगर, आजमगढ़, सरजू ग्लोबल स्कूल मुखलिसपुर, आजमगढ, आयुष इण्टरनेशनल चिल्ड्रेन स्कूल गोडसर, जहानागंज, आजमगढ। विकास खण्ड में जहानागंज मॉ कौशिल्या देवी पब्लिक स्कूल मूस्तफाबाद, मेहनगर, आजमगढ। विकास खण्ड मेंहनगर में एमकेडी पब्लिक स्कूल मूस्तफाबाद, मेहनगर, आजमगढ। विकास खण्ड सठियांव में दी स्टडी कोचिंग सेन्टर सठियांव, सीएस फाउन्डशन कोचिंग सेन्टर सठियांव, गीता ऐकेडमी पब्लिक स्कूल कच्च पोखरा, समौधी, मुबारकपुर, बीआरएस जूहा स्कूल ओझौली, सठियांव। विकास खण्ड मिजार्पुर में इस्तयाक प स्कूल पेड़रा गंगापुर, मदरसा पेड़रा गंगापुर, प्रगति चिल्ड्रेन स्कूल तोवां, महबूबिया मदरसा तोवां, एसडी मार्डन प. स्कूल लाहीडीह, न्यू जिनियस व स्कूल लाहीडीह, बीवीएनसी डुबकी, एचपी इंग्लिस मीडियम स्कूल डुबकी, नियाउज नेशनल प स्कूल नियाउज, एमएसकप स्कूल नियाउज, डा भीम राव अम्बेडकर बालिका इ का मिजार्पुर, तालिमुल कुरान प स्कूल मिजार्पुर, मदरसा संजरपुर, मदसा अलफिया आबिद नगर छित्तूपट्टी, एसएमडी कालेज स्कूल कनैथा, माँ कर्मा बालिका इंटर कालेज धन्नीपुर विसराई, नेशनल आइडियल प स्कूल, एशिया हेरिटेज स्कूल खण्डवारी, मदरसा इडामसुल उलूम कमालपुर, एसआरजीप स्कूल शाहपुर, राहुल कालेज स्कूल ओहदपुर, अंसार पका स्कूल चितरावल, प्रसाद प स्कूल टिकरिया, बाल निकेतन पाण्डेय का पूरा जगदीशपुर, लतीफ मेमोरियल खरेवों सरायमीर, इकरा प स्कूल मनरा जगदीशपुर, नियाउज नेशनल प स्कूल नियाउज, एमएस काप स्कूल नियाउज, मकतब बीनापारा, एमएसडीप स्कूल शाहपुर, लकी कान्वेंट प स्कूल खानकाह सरायमीर के खिलाफ बीएसए के द्वारा नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर बंद करने के लिए कहा गया है अगर एक सप्ताह के बाद ये विद्यालय संचालित होते हुए पाए गए तो इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खाद की किल्लत से किसानों में आक्रोश

बीजपुर(सोनभद्र)जरहा लैम्प्स पर खाद की किल्लत से किसानों में आक्रोश है ।गली मुहल्ले चट्टी चैराहे पर खुली किराना परचून और खाद बीज की दुकानों पर खुलेआम ब्लैक रेट पर यूरिया डीएपी की बिक्री से मुनाफा खोरों की बल्ले बल्ले है ।विभागीय जांच पड़ताल में बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। किसान पन्नालाल गुप्ता, चंदन मोदनवाल, राहुल सिंह, श्रीराम, रामजी, जवाहिर, जयराम, हीरालाल, पन्नेलाल सहित अनेक का आरोप है कि 1350 रुपए में मिलने वाली डीएपी 1650 में बिक रही है तो 266 रुपए की यूरिया 550 रुपए में मुनाफा खोर खुलेआम बेच रहे हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र के बीजपुर, डोडहर, नेमना, सिरसोती, चेतवा, जरहा, सेवकामोड, पिण्डारी, बकरिहवा आदि स्थानों पर संचालित किराना परचून जनरल स्टोर के अलावा खाद बीज की खुली दुकानों पर मानसून के सीजन में खाद बीज और कीटनाशक दवाओं के बिक्री का खुलेआम खेल किया जाता है। बताया जाता है कि धंधेबाज सीजन से पहले भारी स्टॉक जमा कर असली के साथ नकली खाद बीज और कीटनाशक का कारोबार करते हैं ।सूत्रों पर भरोसा करें तो विभागीय जाँच पड़ताल के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जाती है बाकी सब धंधा सेटिंग गेटिंग के बदौलत जारी है ।किसानों ने जिलाधिकारी से जाँच करा कर धंधेबाजों पर कठोर कार्रवाई की माँग की है ।लैम्प्स सचिव कृष्ण कुमार दास ने बताया खाद की किल्लत है समय से नही आ रही है आते ही किसानों में बितरण किया जाएगा।

## बच्चों को दी लेखन सामग्री



जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के संघईपुर प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई कर रहे गरीब एवं निराश्रित बच्चों को समाजसेवी द्वारा मंगलवार को निरूशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की गई जिसमे कापी , पेंसिल, पेन, इरेजर, स्केच, आदि प्रमुख थे। समाजसेवी दिनेश चैहान ने बताया कि हम आने यथाशक्ति से गरीब एवं निराश्रित परिवारों हेतु कार्य कर रहे है, इसी कड़ी में हमारी टीम द्वारा प्रत्येक ग्राम सभा के कुछ सरकारी स्कूलों को चिन्हित किया गया है जहां पहुंचकर हम उन बच्चों को पाठ्य सामग्री निरूशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। समाजसेवी दिनेश चैहान ने बताया कि हमारा उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित, शोषित, वंचित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाना है।

## डीएम ने पर्यटन विभाग से जुड़े स्टेक होल्डरों के साथ बैठक

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागर में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में मेगलवार को पर्यटन व्यवसाय से जुड़ें स्टेक होल्डरो के साथ बैठक की गयी बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आवसीय इकाईयों के सराय एक्ट पंजीयन की समीक्षा में सहायक पर्यटन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 26 इकाईयां पंजीकृत है 5 इकाईया टूरिज्म पालसी में पंजीकृत है। पर्यटन निदेशालय के द्वारा निदेशक पर्यटन इको प्रखर मिश्र के निर्देश पर एआईआईएलएसजी संस्था के मिरजापुर मंण्डल के सर्वे जोनल सुपरवाइजर राकेश मौर्य के द्वारा सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया जिसमें लगभग 50 इकाईयां नान रजिस्टर्ड पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहायक पर्यटन अधिकरी को सराय एक्टट में पजीयन करने का आदेश दिये।



पर्यटन पालसी 2022 के अन्तर्गत सब्सिडी के लिए आहूत आफलाइन/आनलाइन बैठक की समीक्षा संयुक्त निदेशक पर्यटन प्रिती श्रीवास्तव लखनऊ और दिनेश कुमार संयुक्त निदेशक वाराणसी के साथ सब्सिडी वैल्यूवल अभिलाषा आनन्द जूमएप पर तथा चार्टटेड एक्काउन्टेड सरद श्रीवास्तव के साथ ज्योति इटरनेशनल के स्वामीध्पार्टनर मोहन तिवारी व अन्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा 6.25 करोड़ के प्रस्ताव में 3.25 करोड़ की अनुमन्यता पर सब्सिडी में 25 प्रतिशत के लिए 82 लाख के योग्य धनराशी दिये जाने पर नोडल अधिकारी पर्यटन पालिसी उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा भूमि के सत्यापन के अनुरोध पर जिलाधिकारी द्वारा भूमि का वास्तविक मालिकाना हक राजस्व विभाग से स्वीकृत मानचित्र का सत्यापन आर0बी0ओ0 से कराने का आदेश सहायक पर्यटन अधिकारी को दिया गया बैठक में पर्यटन पालिसी पर विस्तृत प्रस्तुति सहायक पर्यटन अधिकारी द्वारा दी गयी, निवेशकों के प्रश्न प्रहर में जिलाधिकारी के आदेश पर सहायक पर्यटन द्वारा पालिसी के नियमावली पर उत्तरध्दिशा निर्देश उपलब्ध कराया गया।

## अनुकम्पा पर नौकरी करते मिले दो आश्रित

आजमगढ़। जनपद में तथ्यों को छुपाते हुए अनुकंपा पर नौकरी हाशिल करने वाले सहायक अध्यापक व खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक की सेवा समाप्त कर उनसे वेतन रिकवरी का आदेश बेसिक शिक्षाधिकारी राजीव कुमार पाठक ने सोमवार को जारी किया। ज्ञात हो कि कुसुम सिंह सहायक अध्यापिका के मृत्यु के बाद उनके पुत्र आलोक कुमार सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह द्वारा तथ्य को छुपाते हुए सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल की थी। जिसकी शिकायत के बाद जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कुसुम सिंह के मृत्यु के समय उनके पति अनिल सिंह नरोत्तम ब्रह्म इंटर कालेज सुन्दरपुर में कार्यरत थें और 2022 में रिटायर हुए जबकि उनकी पत्नी की मृत्यु 2005 में हुई थी। कुसुम सिंह के पुत्र आलोक सिंह द्वारा 2010 में तथ्यों में हेरा-फेरी कर नौकरी हाशिल की थी। इसी तरह पुष्पा श्रीवास्तव सहायक अध्यापिका की सेवाकाल के दौरान 2008 में मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र अभय कुमार श्रीवास्वत पुत्र गिरीशचन्द श्रीवास्तव द्वारा 2013 में कनिष्ठ लिपिक के पद पर नगर शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तथ्य छुपाकर नौकरी हाशिल की थी। जबकि अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा यह नौकरी अपनी माता के मृत्यु के बाद अनुकंपा के आधार पर पाई थी जबकि उनके पिता गिरीशचन्द श्रीवास्तव मानचित्रकार के पद पर सेवारत थें और 2009 में सेवानिवृत्त हुए थें। इन दोनों लोगों की शिकायत के बाद जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राजीव कुमार पाठक द्वारा सोमवार को इन दोनों की सेवा समाप्त कर वेतन रिकवरी के लिए सम्बन्धित विभाग को पत्र जारी किया गया है। बीएसए की इस कार्यवाही के बाद जनपद में हड़कंप मच गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी, राजीव कुमार पाठक ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ तथ्य छुपाकर अनुकंपा पर नौकरी हासिल करने की शिकायत हुई थी जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई, उनकी सेवा समाप्त करते हुए वेतन वसूली के लिए सम्बन्धित को पत्र जारी कर दिया गया है।

## पोस्टमार्टम के बाद सरोजा की मौत का गहराया रहस्य

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बबरखां गांव में शनिवार को 46 वर्षीया सरोजा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का रहस्य गहरा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए विसरा जांच के लिए भेजा गया है। बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बबरखां गांव निवासी संतोष की मल्हनी बाजार में वेल्डिंग की दुकान हैं। संतोष ने बताया कि उनकी पत्नी सरोजा ने उन्हें शरीर पर एक फोड़ा होने की बात कही। इलाज के लिए वह गांव के ही एक डॉक्टर के पास गई थी। इलाज के दौरान अचानक पत्नी की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। कुछ ही देर में पत्नी सरोजा की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सरोजा की मौत हो चुकी थी। उनका आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाहीपूर्वक इलाज किया। इसके चलते सरोजा की जान गई। उधर, सूचना पर सरायख्वाजा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसलिए मौत के कारण की सटीक जानकारी के लिए विसरा परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## रैगिंग में संलिप्तता पर होगी सख्त कार्रवाईः कुलपति

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में मंगलवार को एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर



विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। कुलपति ने रैगिंग को छात्र जीवन के लिए एक गंभीर अपराध बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की रैगिंग को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रैगिंग के विरुद्ध सख्त कानून बने हुए हैं और यदि कोई विद्यार्थी इसमें संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रो. सिंह ने यह भी निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग में एंटी रैगिंग से संबंधित पोस्टर लगाए जाएं, ताकि सभी छात्र जागरूक हो सकें और इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें ।उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एंटी रैगिंग स्क्वॉड के सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर उपलब्ध रहे जिससे कोई भी पीड़ित छात्र तत्काल सहायता प्राप्त कर सके। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी आत्म प्रकाश धर द्विवेदी ने कहा कि रैगिंग जैसी कुप्रथा विद्यार्थियों के मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है और इसके उन्मूलन हेतु सभी को मिलकर कार्य करना होगा ।कुलानुशासक प्रोफेसर राजकुमार सोनी ने कहा कि शिक्षण संस्थान अनुशासन और संस्कार का केंद्र होते हैं। ऐसे में रैगिंग जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों के लिए यहां कोई स्थान नहीं है। उन्होंने छात्रों से सकारात्मक माहौल बनाने का आह्वान किया। डॉ. इंद्रेश कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ राजित राम सोनकर, डॉ.अवधेश कुमार मौर्य, डॉ. वनिता सिंह, डॉ सोनम झा, उद्देश्य सृष्टि सिंह डा. रामनरेश यादव, विपुल मिश्रा, अंशुल दुबे, सोनू कुमार यादव आदि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## देशभक्ति के तरानों से गूंजा सभागार

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ह्यहर घर तिरंगा अभिय के तहत मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार, रज्जू भइया संस्थान में भव्य म्यूजिकल कॉन्सर्ट



का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि करंजाकला ब्लॉक प्रमुख सुनील यादव मम्मन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में देशभक्ति और गर्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। वित्त अधिकारी आत्म प्रकाश धर द्विवेदी ने संयोजक मंडल को बधाई देते हुए स्वयं भी कई गीत प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरीं। उन्होंने किसी की मुस्कराहटों पे हो निसारह्व से हुई, जिसने श्रोताओं के मन में संवेदनशीलता और देशप्रेम जागृत किया। इसके बाद उनका गीत माना मैं जेब से फकीर हूं, लेकिन मैं दिल से अमीर हूंह्व भावनात्मक स्पर्श छोड़ गया। संचालन डॉ दिग्विजय सिंह राठौर एवं छात्र सुमित सिंह ने किया।

# लाइफ लाइन के सुरक्षाकर्मी पर बदसलूकी और मारपीट का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के मड़या क्षेत्र में स्थित लाइफलाइन अस्पताल में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया, जब एक मरीज के परिजन ने अस्पताल के सुरक्षाकर्मी पर बदसलूकी और मारपीट का आरोप लगाया। इस घटना ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा, और मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा। परिजन और अस्पताल प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मामला कोतवाली पुलिस तक पहुंच गया, जहां दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी।



- सुरक्षाकर्मी पर उठाया हाथ, सीसीटीवी फुटेज मौजूदः डॉ. पीयूष सिंह

मामले में राहुल यादव पुत्र हरिशंकर यादव, निवासी उछेड़ा, थाना फेफना, जिला बलिया ने बताया कि उनके दादा लाइफलाइन अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार को वह अपने दादा से मिलने के बाद अस्पताल के गेट पर चाय पीने के लिए बाहर निकल रहे थे। इस दौरान गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने उनके साथ कथित तौर पर बदसलूकी की। राहुल का कहना है कि जब उन्होंने सुरक्षाकर्मी से शालीनता से बात करने को कहा, तो सुरक्षाकर्मी ने उन पर हाथ उठा दिया और मारपीट शुरू कर दी। इस घटना से आक्रोशित राहुल ने इसका विरोध किया, जिसके बाद मामला और बिगड़ गया। राहुल का आरोप है कि सुरक्षाकर्मी मारपीट के बाद मौके से फरार हो गया। राहुल ने बताया कि हंगामे के बाद अस्पताल के कुछ कर्मचारी उन्हें डॉक्टर के चैंबर में ले गए, जहां उनकी बात सुनी गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहुल को कोतवाली ले जाया गया, जहां उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज की। राहुल ने पुलिस से सुरक्षाकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए पूरी घटना को अलग दृष्टिकोण से पेश किया। अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) डॉ. पीयूष सिंह यादव ने दावा किया कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि राहुल यादव ने ही पहले सुरक्षाकर्मी पर हाथ उठाया था। डॉ. पीयूष के अनुसार, राहुल ने सुरक्षाकर्मी के साथ बदतमीजी की और उसके बाद हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए सख्त नियम हैं, और सुरक्षाकर्मी केवल अपने कर्तव्यों का पालन कर रहा था। डॉ. पीयूष ने यह भी बताया कि सीसीटीवी फुटेज को पुलिस के साथ साझा किया जाएगा, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अस्पताल का माहौल शांतिपूर्ण रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने राहुल यादव को कोतवाली बुलाया, जहां उनकी शिकायत दर्ज की गई। दूसरी ओर, अस्पताल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना की शुरूआत कैसे हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बयानों और सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पर की धान की रोपाई, वीडियो वायरल



जौनपुर। जहां एक तरफ सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर जौनपुर जिले के नगर पालिका परिषद जौनपुर के गंगा पट्टी वार्ड के भुवालापट्टी मोहल्ले में सड़क को लेकर मोहल्ले के लोगों ने विरोध का एक अलग तरीका अपनाया है, जिसका वीडियों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियों में दिख रहा है कि सड़क बराबर कचरा व पानी डूबा हुआ है, जिससे लोग हमेशा परेशान है। इस सड़क की समस्या को लेकर मोहल्ले के लोगों ने सड़क पर ही धान के पौधे रोपते हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया है। सड़क पर धान रोपने का वीडियों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस सड़क पर लोगों ने धान की रोपाई कर विरोध जताया है वह सड़क मोहल्ले में जाने का मुख्य मार्ग है। सड़क के अगल-बगल दोनों तरफ अधिक आबादी है जहां पर बरसात होते ही सड़क पानी व कचरा में डूब जाता है जिससे मोहल्ले में रहने वाले लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो यहां बाइक से आने जाने वाले लोग भी गिर कर घायल हो जाते हैं। सबसे ज्यादा तकलीफ स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। सड़क की हालत ऐसी हो गयी है कि उस पर पैदल चलना दुश्वार हो गया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कई वर्षों से यह सड़क खराब है।

## उप प्रभागीय वनाधिकारी ने किया निरीक्षण

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय वन रेंज के गड़ियां में पौध रोपण और रेंज परिसर में नर्सरी का मंगलवार को उप प्रभागीय वनाधिकारी अखिलेश पटेल ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।उन्होंने नर्सरी में लोकल पौधों को प्राथमिकता के साथ पौध तैयार करने के साथ देख देख में कोताही ना बरने का निर्देश दिया। गड़िया बीट में पिछले तीन वर्षों में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए प्लांटेशन में हरियाली और दुरुस्त पौधा देख खुशी जाहिर की ,साथ ही कहा कि जंगलों में निगरानी बढ़ाया जाए और रात्रि गश्त में कोताही ना बरता जाए ।नव नियुक्त श्री पटेल ने रेंजर जबर सिंह से जंगलों की भौगोलिक जानकारी ली और कहा कि वन क्षेत्र में अवैध कब्जा या खनन और कटान नहीं होना चाहिए। मौके पर वन दरोगा बिजेंद्र सिंह,विद्या पाण्डेय,सर्वेश सिंह, गोबिंद शाह,सहित अन्य वन कर्मी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मुठभेड़ में 3 शातिर चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोरों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार की रात्रि में बटेश्वर-शिकोहाबाद रोड पर ग्राम छटनपुर के पास देव स्थल पीपल के पेड से 02 पीतल के घंटे जिनका बजन क्रमश 21 किलो व 31 किलो था जो चोरी हो गये थे। जिसके सम्बंध में थाना नसीरपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना पुलिस को सूचना मिली कि नसीरपुर से सिरसागंज रोड पर कुछ बदमाश चोरी करने के उद्देश्य से आ रहे है,सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नसीरपुर व उनकी टीम द्वारा फतेहपुर करखा अण्डर पास के निकट चैंकिग की जा रही थी तभी 03 संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये पुलिस टीम द्वारा उन्हें चैकिंग हेतु रुकने का इशारा किया गया।पुलिस को अपनी ओर आते देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी के ऊपर बदमाशों ने फायर कर दिया। जिससे पुलिस पार्टी बाल-बाल बची,जवाबी कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिगं की गयी जिसमें अभियुक्त सुमित के पैर में गोली लगने से घायल हो गया , अभियुक्त सुमित घायल अवस्था में व अन्य 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान सुरजीत पुत्र प्रेमपाल व आकाश पुत्र सर्वेश के रुप में हुई । अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा 04 जिंदा कारतूस व 03 खोखा कारतूस बरामद हुये है। तीनों से चोरी किये घंटे बेचने से प्राप्त 6000 रुपये भी बरामद हुये,घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

## मैक्स हॉस्पिटल नोएडा ने मथुरा में शुरू की विशेष स्पाइन सर्जरी ओपीडी

**मथुरा।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नोएडा ने शहर के डॉ. मनीष फिजियोथेरेपी एंड रिहैब क्लिनिक के सहयोग से स्पाइन एवं डिफॉर्मिटी करेक्शन ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की है।इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी की उपस्थिति में हुआ। वे प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी ने कहा रीढ़ से जुड़ी ज्यादातर समस्याएं, इलिाज बिना सर्जरी के ही सफलतापूर्वक किया जा सकता है। अधिकांश मरीज दवा, फिजियोथेरेपी, आराम और व्यायाम से ठीक हो जाते हैं लेकिन कुछ मरीज जिन्हें इन उपचारों से लाभ नहीं होता उन्हें सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है। डॉ. सैनी ने बताया कि आजकल हम कम उम्र के मरीजों में भी पीठ और गर्दन की समस्याएं देख रहे हैं जिसका मुख्य कारण निष्क्रिय जीवनशैली, लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग और घंटों एक ही जगह बैठना है।डिजिटल आदतें, गलत बैठने का तरीका और शारीरिक गतिविधि की कमी रीढ़ पर अत्यधिक दबाव डाल रही हैं। समय रहते समस्या की पहचान, जीवनशैली में सुधार और उचित इलाज से लंबे समय तक रीढ़ की सेहत को बनाए रखा जा सकता है।इस ओपीडी सेवा की शुरूआत का उद्देश्य मथुरा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एडवांस्ड स्पाइन सर्जरी सेवाएं उनके ही शहर में उपलब्ध कराना है ताकि स्थानीय निवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने घर के पास ही मिल सकें।

# संस्कृति विवि के दीक्षांत समारोह में 2045 छात्रों को मिली डिग्री

## शिक्षाविद् डॉ. जेसी चौधरी और फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा मानद् उपाधि से सम्मानित

जिला संवाददाता (vol)



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह संतों की उपस्थिति में भव्य और दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप प्राप्त फल के रूप में उनको पदक और उपाधियां प्रदान की गईं। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रीयगान की परंपरा को पूर्ण करते हुए दीक्षांत समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह के दौरान संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा आकाश इंस्टीट्यूट के संस्थापक, ख्यातिप्राप्त शिक्षक, न्यूमरोलॉजिस्ट डा. जेसी चौधरी और बालीवुड के प्रसिद्ध कलाकार, कवि, लेखक और वक्ता आशुतोष राणा को मानद उपाधि से विभूषित किया। समारोह में लगभग 2045 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही 20 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री से विभूषित किया गया।

दीक्षांत समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने अपने गुरुजनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि तीन चीजों से एक इंसान को सदैव बच कर रहना चाहिए, आदि, व्याधि और उपाधि क्योंकि बाकी दोनों का इलाज हो सकता है पर उपाधि का घमंड अगर हो जाये तो उसका इलाज नहीं है। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व छात्र और हिंदी, तेलुगू और तमिल फिल्म में अपने अभिनय का डंका बजा चुके आशुतोष राणा ने कहा कि वे विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता के आभारी हैं जिन्होंने उन्हें इस उपाधि से नवाजा और वे खुद को खुशकिस्मत मानते हैं की उन्हें यह उपाधि संस्कृति विश्वविद्यालय से मिली है।

मानद् उपाधि से सम्मानित प्रख्यात शिक्षाविद्, अनेक पुस्तकों के लेखक डा.जेसी चैधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपको मिली यह डिग्री आपकी शिक्षा का अंत नहीं है, यह सच है कि अभी तक आपने जो समय व्यतीत किया वो आपके जीवन का सबसे गोल्डन पीरियड था, असली जिंदगी तो अब शुरूआत है, यह दीक्षा का अंत नहीं है। अभी तो जिंदगी शुरू हुई है। जिंदगी में जो मिल जाये उससे कभी भी संतुष्ट नहीं होना चाहिए और अपने लिए हमेशा बेहतर की तलाश करते रहना चाहिए। यदि परमात्मा आपको किसी मुसीबत में डाल रहे हैं तो वे चाहते हैं कि आप उससे जूझ कर कुछ सीखें और अपने भविष्य को उज्जवल बनायें। उन्होंने कहा कि मैं आज भी लगातार कुछ नया सीखने का प्रयास करता हूं, आपको यह प्रयास हमेशा करते रहना है।

संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपको जीवन में कभी हार नहीं माननी है। हमारे सामने कैसी भी चुनौती आए डटे रहना है, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। छात्र कल्याण डीन डॉ धर्मेंद्र एस तोमर ने कार्यक्रम में सभी अध्यापकों, छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने मंच पर आसीन आशुतोष राणा, अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी सतीशाचार्यजी महाराज, महामंडलेश्वर हेमांगी सखी माँ, पूज्य चिन्मयानंद बापू जी, डॉ नलिनाक्ष एस व्यास आईआईटी कानपुर, शारदा सर्वज्ञ पीठाधीश्वर अनंतश्री स्वामी अमृतानंद देवतीर्थजी, आचार्य मनीष जी( हिम्स चंडीगढ़ ), डॉ जे सी चैधरी जी ( आकाश इंस्टिट्यूट ), सुदीप गोयंका ( गोल्डी ग्रुप ), प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ( चेयरमैन ए आई यू ), डॉ सचिन गुप्ता ( कुलाधिपति संस्कृति विश्वविद्यालय ), राजेश गुप्ता प्रति कुलाधिपति संस्कृति विवि ), मुकेश गुप्ता( चेयरमैन विजन ग्रुप ), डॉ एम बी चेट्टी ( कुलपति संस्कृति विश्वविद्यालय ), डॉ मीनाक्षी शर्मा ( सीईओ संस्कृति विश्वविद्यालय ) का पटुका ओढ़ाकर एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की अधिकारी ज्योति यादव एवं विकास कौशिक ने किया।

### 21 को मिली पीएचडी की डिग्री

कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी ने 21 पीएचडी की उपाधि वाले छात्रों को मंच पर आमंत्रित किया और सभी अतिथियों ने मिलकर उनको उपाधि से नवाजा। उसके बाद मास्टर्स वाले 232 छात्रों, उनके बाद 1277 बैचलर्स और 515 डिप्लोमा वाले छात्रों को उनकी उपाधि प्रदान की गई और उन्हें शपथ दिलवायी गई। साथ ही अपने विषय में विशेष दक्षता हासिर करने वाले 45 विद्यार्थियों को गोल्ड, 44 को सिल्वर और 39 विद्यार्थियों को ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## आगरा में यमुना खतरे के निशान के करीब

**आगरा।** यमुना नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण आगरा में स्थिति गंभीर हो गई है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गया है। मथुरा के गोकुल बैराज से 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर बढ़कर 493.2 फीट हो गया है, जबकि आगरा में लो फ्लड लेवल 495 फीट है। इस तरह, नदी खतरे के निशान से सिर्फ 1.8 फीट दूर है। योगी सरकार की आपदा प्रबंधन नीतियों के तहत, प्रशासन ने किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। यमुना के बढ़ते जलस्तर पर पैनी नजर रखने के लिए प्रशासन ने नदी किनारे स्थित प्रमुख घाटों जैसे बटेश्वर, हाथी घाट, बल्केश्वर और दशहरा घाट पर कर्मचारियों को तैनात किया है। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने बताया कि निगम क्षेत्र में दो- दो कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज ड्यूटी लगाई गई है, जो सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक हर घंटे जलस्तर की जानकारी नगर निगम के कंट्रोल रूम को भेज रहे हैं। मुख्यालय में बैठे अधिकारी लगातार कंट्रोल रूम से स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रत्याशित वृद्धि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचे। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और हम पूरी तरह से अलर्ट मोड में हैं। गोकुल बैराज से छोड़े गए पानी के बाद स्थिति पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि संभावित खतरे को देखते हुए सर्वे किया गया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के लिए आश्रय स्थलों को चिह्नित कर लिया गया है। फतेहाबाद और बाह क्षेत्रों में निचले इलाकों के खेतों तक पानी पहुंच चुका है। उन्होंने लोगों से अपील कि वे नदी के करीब न जाएं और यमुना घाटों पर स्नान करने से बचें। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। संभावित बाढ़ जैसी स्थितियों से निपटने के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारियां पुख्ता कर ली हैं।

● बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज, गोकुल बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद 493.2 फीट पर पहुंचा जलस्तर

## जिला भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**मथुरा।** भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को जगह जगह तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रमो का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्कूल के बच्चे अध्यापक और सैकड़ों कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं शामिल हुए।

इसी प्रकार से एक तिरंगा यात्रा मांट विधानसभा के सोनई मंडल में निकाली गई वह यात्रा रमेश चंद्र इंटर कॉलेज सोनई से विभिन्न बाजार होते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतीमा पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा में शामिल सैकड़ो के तादात में स्कूल के बच्चे अध्यापक आदि लोगो ने भी तिरंगा हाथ में लेकर जोर दार नारे लगाए, और देशभक्ति के गाने गाए।

यात्रा के दौरान कार्यकर्ता व पदाधिकारी हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के गगनभेदी नारे लगाते रहे। जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं भव्य स्वागत देखने को मिला। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद देखने को मिला। वरिष्ठ भाजपा नेता एवम सोनई मण्डल के प्रभारी श्याम चतुवेर्दी ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, बलिदान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसे केवल फहराना ही नहीं, बल्कि इसके सम्मान और मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे मौजूद रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा भारत की समृद्धि, सामर्थ्य और सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा जन-जन में राष्ट्रभक्ति का भाव बढ़ाने का अभियान चला रही है। मण्डल अध्यक्ष राजेश चैधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने अपनी शौर्य का प्रदर्शन पूरे विश्व के सामने किया है। यह भारतीय सेना के अदम्य साहस और 140 करोड़ राष्ट्रभक्त जनता के समर्थन से संभव हुआ है। कार्यक्रम में कोपरेटिव सोसायटी के चेयरमैन संजय चैधरी, अजय परखम, तरुण सैनी, मण्डल उपाध्यक्ष सोनू चैधरी, मंडल महामंत्री कृष्ण मुरारी मोर मुकुट वर्मा मंजू देवी, टीना, सुमन देवी, प्रतीक, सतीश आईटी का संयोजक प्रदीप, वरिष्ठ नेता केरन सिंह रावत, मूलचंद, कुलदीप, राहुल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नितेश, विक्रम, गिरी प्रसाद चंद्र मोहन अग्रवाल सहित मातृ शक्ति मौजूद रहे।

## भाजपा की तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित



**टूंडला।** भाजपा शिविर कार्यालय एटा रोड पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज 13 अगस्त 2025 सायं 5 बजे दीपा चौराहा से तहसील तक आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के निमित्त आवश्यक बैठक आहूत की गई। तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी ब्रज बहादुर भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। बैठक तिरंगा यात्रा की व्यवस्था पक्ष व संख्या पक्ष की विस्तृत चर्चा उपस्थित टूंडला नगर व जिले के कार्यकर्ताओं के साथ की गई। तिरंगा यात्रा भव्य दिव्य व सुंदर हो इसकी बिन्दुवार चर्चा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से की। अभी तक जिले के 11 स्थानों मंडलों में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा चुका है व समस्त जिले में 61000 तिरंगा झंडे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वितरित हो चुके हैं। 14 अगस्त की शाम तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर तिरंगा वितरण करना है व 15 अगस्त की प्रातः सभी बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी मंडल के सभी मोर्चों के अध्यक्ष जिला के पदाधिकारी, मोर्चों के सभी जिला अध्यक्ष क्षेत्र के पदाधिकारी निवर्तमान व वर्तमान जनप्रतिनिधि निवर्तमान जिलाध्यक्ष सभी को अपने अपने घर पर तिरंगा लगाना है व सरल ऐप पर सेल्फी अपलोड करनी है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के अंतर्गत मौन जुलूस, जिला स्तरीय प्रदर्शनी व गोष्ठी का आयोजन जिले में एक स्थान पर किया जाएगा। इन सभी अभियानों के साथ साथ मतदाता पुनर्निरीक्षण व आगामी चुनावों से संबंधित विषयों पर चर्चा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने की। बैठक में शैलेंद्र सिंह, नीलम दिवाकर सुशील चक शिव शंकर शर्मा वीरेन्द्र प्रताप सिंह दिनेश गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन सीताराम सुनील पाठक, ब्रजवीर सिंह चौहान हनी जादौन नीरेश रावत राजन सिंह निषाद, विष्णु तिवारी, अंकित पाठक जुबीन भारद्वाज विनोद कुमार प्रशांत धाकरे, कोमल वाल्मीकि, विकास डागौर संजीव दीक्षित विश्वनाथ शर्मा, गुरप्रीत सिंह गौरव सिसौदिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने को डीएम ने किया सामौर बाबा धाम का भ्रमण

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** समौर बाबा धाम को वृहद पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी के साथ किया सामौर बाबा धाम का भ्रमण किया। मंगलवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ सिरसागंज स्थित पर्यटन स्थल सामौर बाबा धाम के विस्तारीकरण हेतु साथ ही साथ इस पर्यटन स्थल को जनपद के वृहद पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए इस स्थल का भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस पर्यटन स्थल को और विस्तार हेतु किसानों की भूमि को उनकी सहमति के आधार पर अधिग्रहित करने और वहां पर सामौर बाबा से जुड़े स्मृतियों को आने वाले पर्यटकों की जानकारी हेतु विकसित करने हेतु निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि यह स्थल आने वाले समय में पर्यटन की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण स्थल साबित होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी विरासत और संस्कृति को संजौना बहुत जरूरी है, ताकि आने वाले समय में युवा पीढ़ी अपने इन धरोहरों से परिचित और प्रेरित हो सके, डीएम ने इस दौरान यहां से निकलने वाली आव गंगा नदी का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस नदी का पुनरोद्धार सिरसा नदी की तर्ज पर ही किया जाए, जिससे आने वाले समय में यह नदी भी जनपद की

● अपनी विरासत और संस्कृति को संजोना बहुत जरूरी है ताकि आने वाले समय में युवा पीढ़ी इससे परिचित और प्रेरित हो सके : डीएम

## स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे




**फिरोजाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई,यह तिरंगा यात्रा तिलक इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर सुभाष चौराहे होते हुए गांधी पार्क पहुंची,तिरंगा यात्रा में डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज इस्लामिया इंटर कॉलेज,एमजी बालिका इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज किड्स कॉर्नर और दाऊ दयाल कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभाग किया,हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे बच्चों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाए। इस दौरान रास्ते में लोगों ने तालियों और पुष्प वर्षा से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला।इसमें बच्चों के साथ-साथ स्कूल के अध्यापकों अधिकारियों और संभ्रान्त नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान रास्ते में लोगों ने तालियों और पुष्प वर्षा से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## रक्षाबंधन पर बटेश्वर में मामा के घर गया था बल्केश्वर का करन, यमुना में डूबकर मौत

**आगरा।** बल्केश्वर निवासी एक किशोर की बटेश्वर में यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों और दोस्तों के भरसक प्रयास के बावजूद वह तेज बहाव में बह गया। गोताखोरों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आगरा के बल्केश्वर निवासी आनंद गोस्वामी का 14 वर्षीय पुत्र करन रक्षाबंधन पर अपने मामा गौरीशंकर गोस्वामी के घर बटेश्वर आया हुआ था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह रानीघाट पर परिजनों और दोस्तों के साथ नहा रहा था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसने बचाने के लिए शोर मचाया, लेकिन साथी चाहकर भी मदद नहीं कर सके। सूचना मिलते ही बटेश्वर पुलिस चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। एक घंटे बाद करन को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाह ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मामा-मामी और अन्य सदस्य दहाड़ें मारकर रोने लगे। आगरा से भी परिजन बटेश्वर पहुंच गए और सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रेलवे फाटक के पास अज्ञात युवती का शव मिला, हत्या की आशंका

**आगरा।** अछनेरा रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का शव बरामद हुआ। शव की हालत देखकर पुलिस को आशंका है कि हत्या करने के बाद उसे यहां फेंका गया है। गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था और मुंह में कपड़ा ठुंसा हुआ था। शव पेट के बल पड़ा हुआ था। कचौरा रोड स्थित रेलवे फाटक के पास आज सुबह एक महिला पहुंची तो उसकी नजर झाड़ियों में पड़े युवती के शव पर पड़ी। महिला के शोर मचाने पर भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों की सूचना पर अछनेरा थाने की पुलिस पहुंची और मौका मुआयना किया। रेलवे क्षेत्र का मामला होने के कारण जीआरपी और आरपीएफ भी पहुंच गई थी। मृतका ने लाल रंग की कुर्ती और काले रंग की सलवार पहन रखी थी। उसके चेहरे पर चोट के स्पष्ट निशान थे, जिससे यह आशंका गहराती जा रही है कि वारदात से पहले उसके साथ खींचतान हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान के लिए शव के फोटो आसपास के थानों में भेजे जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विकास खंड नारखी के गांव जौंधरी में लगाया गया जनकल्याणकारी शिविर




**फिरोजाबाद।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी रमेश रंजन के नेतृत्व में जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत जौंधरी विकासखंड नारखी में आयोजित किया गया,इस शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस शिविर में शासन द्वारा संचालित संपूर्ण योजनाओं को स्टालों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया,इसमें आवास योजना उद्योग विभाग की योजनाएं श्रम विभाग की योजनाएं, मनरेगा से संबंधित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया,जहां पर भारी संख्या में इस क्षेत्र की जनता ने पहुंच, इन योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की,साथ ही साथ अपनी समस्याओं का समाधान भी पाया, जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस प्रकार का आयोजन अब हर ब्लॉक में किया जाएगा, साथ ही साथ सभी अधिकारियों से इस शिविर में किए गए कार्यों का फीडबैक भी प्राप्त किया जाएगा। इसलिए कोई भी अधिकारी लापरवाही नहीं करेगा और इन शिविरों को पूरी गंभीरता से लेगा।

## कार ने अधेड़ को उड़ा दिया, मौके पर ही मौत, जाम लगाती भीड़ को पुलिस ने खदेड़ा

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के शास्त्रीपुरम-दहतोरा इलाके में सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दहतोरा निवासी 50 वर्षीय हरी सिंह पुत्र कैलाशी को तेज रफ्तार से दौड़ती कार ने उड़ा दिया। कार की टक्कर से हरी सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद गांववासियों ने रास्ता जाम कर दिया, जिसे पुलिस ने लाठियां फटकार कर खुलवाया। यह हादसा प्राची टावर पुलिस चौकी से बाबूजी चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर देशदीपक स्कूल से पहले कट पर हुआ। दहतोरा निवासी हरी सिंह अचानक सड़क के डिवाइडर पर खड़ी झाड़ियों से निकलकर अचानक सड़क पर आए, जहां तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही हरी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। कार चालक ने घटना के बाद मौके से कार को दौड़ा दिया और फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक के परिजन व स्थानीय लोग घटनास्थल पर आकर सड़क को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन भारी भीड़ के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों को तितर-बितर किया। इस बीच पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि हादसे के दोषी कार चालक का पता लगाया जा सके। टक्कर मारने वाली कार मैनपुरी की बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भरोसा दिया है कि आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक के परिजन को पुलिस ने सांत्वना दी और मामले की तफ्तीश जारी है।

## एंटी-सैबोटाज टीम ने स्निफर डॉग टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया



**फिरोजाबाद।** एसएसपी के निर्देशन में एंटी-सैबोटाज टीम फिरोजाबाद द्वारा अपने उपकरणों एवं स्निफर डॉग टीम के साथ शहर के विभिन्न संवेदनशील, महत्वपूर्ण एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया।आगामी स्वतंत्रता दिवस एवं निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन विभिन्न कार व बाइक पार्किंग स्थलों प्रमुख भीड़-भाड़ वाले बाजारों आदि में चैकिंग की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों एवं छोड़े गए सामान की बारीकी से जांच की गई तथा आमजन को सतर्क एवं जागरूक रहने हेतु भी अपील की गई। इसके अतिरिक्त शहर के प्रवेश निकास मार्गों पर भी सघन चैकिंग कर सुरक्षा के सभी बिंदुओं को सुनिश्चित किया गया, जिससे कोई भी असामाजिक तत्व जनपद की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान न डाल सके।

## संस्कृति विवि दीक्षांत समारोह में मेधावी सम्मानित




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में डिग्रियां पाकर विद्यार्थियों के चेहरे चमक उठे। ये डिग्रियां उनके अथक परिश्रम का परिणाम थीं, जो उनके भविष्य का निर्माण करेंगी। समारोह में विभिन्न विषयों में कुल 2045 उपाधियां वितरित की गईं। इस दौरान शोध पूरा करने वाले 20 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गईं।

छठे दीक्षांत समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में शांभवी विश्वास, शाइली मकूकू, निकिता भदौरिया, मोहिनी कुमारी, मोनिका गोयल, शालू, छवि यादव, करिश्मा गुप्ता, दिव्यांशी वार्ष्णेय, वर्षा अग्रवाल, दर्शिका, शर्मा नंदिनी हरेंद्र, महेश, कुलदीप सिंह, सौरभ, कुमारी अंशिका सिंह चाहर, लक्ष्मी नारायण, शीला कुमारी, तनीषा चाहर, निमिषा स्वरूप, लक्ष्मी, आरती कुमारी, निधि अरविंद, सोनम गौतम, सीजल रोहिल्ला, तृषा शर्मा, कृर्त शिवांग, दिगाला परिमला रानी, मोहिनी कुंतल, प्रिंस, प्रभात कुमार, तेजवीर, आदित्य शर्मा, रामवीर, प्रीति लोधी, सुमित सिंह, प्रत्यक्षा रोहिल्ला, नीतीश यादव, धीरज राजपूत, दीपांशी, इति, वसीम, रोहित अरोड़ा, फारूकी मुस्कान अनीस अहमद, कुमारी खुशबू अहेरिया, लवली को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पाने वाली विद्यार्थी साधना, राहुल सिंह, कुमारी चांदनी बानो, निखिल बेनीवाल, हिमांशी शर्मा, आयुष गर्ग, दीपाली सिंह, नरेश सिंह, च्येष्ठा अग्रवाल, पूजा, लखन कुमार, अनुकृति झा, सौम्या गुप्ता, चंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुशवाहा, यश सोनी, आदित्य उपाध्याय, सुमन कुमारी, प्रथु भारद्वाज, आलोक वर्मा, वंशिका अग्रवाल, हिमांशी टुटेजा, कुमारी काजल, दीपक, अभिषेक कुमार राजन, अनुष्का, हैसविनी मेगांडा, आरती चैधरी, लेखराम, उमाशंकर शर्मा, अभिषेक कुमार, सत्य प्रकाश, उत्तम सिंह, आनंद सिंह, करिश्मा, अनुष्का अग्रवाल, प्रकाश चंद, चारू शर्मा, नूतन यादव, कुमारी योग प्रभा गर्ग, प्रियंका वर्मा, जावेद अहमद, कृष्ण चंद्र सिंह, सुनील कुमार को रजत पदक देकर सम्मानित किया गया। कांस्य पदक प्रदान कर मोहित, कुमारी हर्षिता दुबे, निशा कुमारी, निशी अंसारी, लता सिरोही, निधि सिंह, पुष्पेंद्र कश्यप, गरिमा यादव, प्रेमा भार्गव, दिया जैन, सुमित कुमार सिकरवार, अभिषेक त्यागी, रितेश तिवारी, पारिजात पंवार, राजन शर्मा, साक्षी सिंह, खुशबू, योजना गुप्ता, अंकुश मीना, महिपाल सिंह, निशी शर्मा, रितु गौतम, रेनू पटेल, बाले यग्नेश्वर, कुमारी रितु, कृष्णा, धर्मेश कुमार, क्रिशन, अमीर हमजा, फैजिया खान, हिमांशी, हर्ष अग्रवाल, अनुज कुमार, ज्योति शर्मा, धनंजय देवनाथ, नितिन लाक्रा, कुमारी श्रेया त्रिपाठी, कुमारी सना खान, उदय राम को सम्मानित किया गया।

